friday

Le.no - 14

Date : 27/08/2021
Page No. :

# वाक्य तथा वाक्य - संरचना

वाक्य :- भाषा की वह इकाई, जो किसी भाव या विचार को पूरी तरह से व्यक्त कर सकती है, वाक्य कहलाती है।

वाक्य का अंग

| उद्देश्य | विधेय |
|---|---|
| 1) अध्यापक | कक्षा में पढ़ा रहे हैं। |
| 2) मेरे बड़े भाई | कल लंदन से वापस आ रहे हैं। |
| 3) दौड़कर आता हुआ बच्चा | अचानक गिर गया। |

वाक्य के भेद → वाक्य

- रचना के आधार पर
- अर्थ के आधार पर

* रचना के आधार पर :- रचना की दृष्टि से सभी वाक्य एक जैसे नहीं होते। कुछ वाक्यों में केवल एक क्रिया पदबंध होता है, तो कुछ ~~वाक्यों में केवल एक~~ में एक से अधिक।

एक क्रिया पदबंध वाले वाक्य

1) लड़का गाँव गया है।

2) लड़का खाना खा रहा है।

एकाधिक क्रिया पदबंध वाले वाक्य

3) वह लड़का गाँव गया है, जो मेरे घर में रहता है।

Date : 27/08/2021

Page No. :

4) लडका गाँव गया है और लडकी खाना बना रही है।